**Raj Express (Indore), 10th September 2021, Page-1 & Page-4**

## एनआईआरएफ रैंकिंग 2021

# मप्र के दो संस्थानों को टॉप 100 में मिला स्थान

- *आईआईटी मद्रास और बेंगलुरु भारतीय विज्ञान संस्थान नंबर वन*
- *जेएनयू दूसरे, बीएचयू तीसरे और एएमयू दसवें नंबर पर*

**भोपाल, (आरएनएन)।** शिक्षा मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) ने देश की शीर्ष संस्थानों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी की है। जिसमें ओवरऑल केटेगरी में आईआईटी मद्रास को पहली रैंक प्राप्त हुई है और विश्वविद्यालय केटेगरी में बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान को पहला और जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) विश्वविद्यालय दिल्ली दूसरा स्थान मिला है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन, समग्र, अनुसंधान आदि सहित विभिन्न श्रेणियों के तहत रैंकिंग जारी की गई है। मंत्रालय ने ओवरऑल रैंकिंग के साथ-साथ स्ट्रीम वाइज रैंकिंग भी जारी की गई है। गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क जारी किया है।

### ओवर ऑल केटेगरी में मप्र के दो संस्थान

ओवर ऑल राष्ट्रीय संस्थान मध्यप्रदेश के इंदौर और भोपाल के संस्थान टॉप 100 में शामिल है। जिसमें इंदौर आईआईटी रैंक 30 वीं भोपाल के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च को 50 वीं रैंक मिली है। इसके अलावा अलग-अलग कैटेगरी में भी कई संस्थानों ने टॉप 100 में जगह बनाई है।

### टॉप 10 आईआईटी

1. आईआईटी मद्रास, 2. आईआईएससी, बेंगलुरु, 3. आईआईटी, दिल्ली, 4. आईआईटी बॉम्बे, 5. आईआईटी खड़गपुर, 6. आईआईटी कानपुर, 7. आईआईटी गुवाहाटी, 8. जेएनयू, 9. आईआईटी रुड़की, 10. बनारस हिंदू विवि

शेष-पेज 4 पर

पेज-1 का शेष

## मप्र के संस्थानों को भी टॉप 100 में मिला स्थान

**टॉप 10 विवि**

1.भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, 2. जवाहर लाल नेहरू विवि, नई दिल्ली, 3. बीएचयू, बनारस 4. कलकत्ता विवि, कोलकाता, 5.अमृता विश्वविद्यापीठम, कोयंबटूर 6. जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली 7. मनिपाल एकेडेमी ऑफ हायर एजुकेशन, मनिपाल 8.जाधवपुर विवि कोलकाता, 9. हैदराबाद विवि, हैदराबाद, 10. अलीगढ़ मुस्लिम विवि, अलीगढ़

**टॉप- 5 आर्किटेक्चर कॉलेजः** आईआईटी, रुड़की, एनआईटी, कालीकट, आईआईटी, खड़गपुर स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, दिल्ली, सेंटर फॉर एन्वॉयरन्मेंटल प्लानिंग एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद

**टॉप- 5 फार्मेसी कॉलेजः** जामिया हमदर्द, नई दिल्ली, पंजाब विवि, चंडीगढ़, बिरला प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, पिलानी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली, रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई

**टॉप - 5 इंजीनियरिंग कॉलेजः** आईआईटी मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी कानपुर, आईआईटी खड़गपुर

**टॉप - 5 मेडिकल कॉलेजः** एम्स, दिल्ली, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़, सीएमसी, वेल्लोर, एनआईएमएचएनएस, बेंगलुरु ,एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ

### टॉप- 5 प्रबंधन संस्थान

आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बेंगलुरु, आईआईएम कलकत्ता, आईआईएम कोझीकोड, आईआईटी दिल्ली